प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- बारां जिले के अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती आज सुबह आठ बजे से कडी सुरक्षा के बीच जारी–कुछ ही देर में शुरूआती रूझान मिलने की उम्मीद।
- राज्य में एसआईआर प्रकिया के तहत शुरूआती दस दिनों में ही पांच करोड से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए।
- शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गिरते भू–जल स्तर पर चिंता जताई–ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए जागरूकता पर जोर दिया।
- राज्य में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और सम्बद्ध अस्पतालों के अधीक्षक अब प्राईवेट प्रेक्टिस नहीं कर सकेंगे।

00000

बारां जिले के अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती आज सुबह आठ बजे से शुरू हो गई हैं। राजकीय पीजी कॉलेज में सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जा रही है। 20 राउण्ड में हो रही मतगणना के लिए कडे सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस सीट पर 11 तारीख को हुए उप चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस त्रिकोणीय मुकाबले पर सबकी निगाहें हैं। 11 निर्दलीय सहित 15 उम्मीदवारों का राजनैतिक भविष्य आज तय हो जायेगा।

.....

उधर बिहार में हुए विधानसभा चुनाव के लिए भी वोटो की गिनती आज की जा रही है। 243 सीटों पर दो चरणों में हुए चुनाव के परिणाम पर अब से कुछ ही देर में शुरूआती रूझान मिलने लगेंगे और दोपहर तक नतीजो की तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

00000

राज्य में एसआईआर प्रकिया की प्रगति तेज गति से हो रही है। अभियान के शुरूआती दस दिनों में ही बीएलओ पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं से पंहुच चुके है। 92 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इएफ वितरण में झालावाड जिला लगातार अग्रणी बना हुआ है। वहीं बूंदी, राजसमंद, डूंगरपुर और बाडमेर में भी ये कार्य तेज गति से किया जा रहा है। श्री महाजन ने बताया कि अब तक 33 लाख गणना फॉर्म डिजिटल रूप से अपलोड किये जा चुके है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने का अहम प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य पात्र मतदाताओं को वोटर लिस्ट में शामिल करना और अपात्र नामो को हटाना है।

00000

देश का पहला संयुक्त विधि और प्रौद्योगिकी केन्द्र जोधपुर में स्थापित होगा। इसके लिए कल जोधपुर में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और आईआईटी जोधपुर के बीच एमओयू हुआ। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि इस केन्द्र के बनने से तकनीक के माध्यम से विधिक चुनौतियों का समाधान होगा और विधिक व्यवस्था को अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण बनाया जा सकेगा।

.....

00000

**आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान** के तहत आज जयपुर में जिलास्तरीय शिविर लगाया जायेगा। ये शिविर राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा में रखा गया है। उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा भी इसमें शिरकत करेंगे। इस अभियान में वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड जमा राशियों के त्वरित निपटान में सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। इसके तहत नागरिकों को उनकी निष्क्रिय पूंजी, बीमा दावे और लंबित निवेश से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। इसके साथ ही एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लावारिस जमा और अन्य वित्तीय सम्पत्तियों की वापसी को सुगम बनाया जा रहा है।

0000

आज बाल दिवस है। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर प्रदेश में इस उपलक्ष में शिक्षण संस्थानों और आंगनबाडी केन्द्रों पर मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ के पीएम श्री विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से चाचा नेहरू को याद किया जा रहा है। करौली और सवाईमाधोपुर में भी बाल सभाएं हो रही है।

00000

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश में गिरते भूजल स्तर पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के लगातार कटाव से जमीन की उत्पादकता कम हो रही है। इसे देखते हुए बारिश के पानी को इकट्ठा कर भू–जल रिचार्ज करना होगा। श्री दिलावर कल कोटा जिले की खैराबाद पंचायत समिति के उण्डवा गांव में वाटरशेड महोत्सव के राज्यस्तरीय समारोह में बोल रहे थे। श्री दिलावर ने कहा कि प्रदेश में सभी 159 जलग्रहण विकास परियोजनाओं में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से वाटर शेड का महत्व समझाया जायेगा।

.....

शिक्षा मंत्री ने कहा कि जल ग्रहण विकास कार्यो को आमजन से जोडने के लिए 4 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक मिशन वाटर शेड पुनरूत्थान चलाया जा रहा है।

00000

राज्य में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और सम्बद्ध अस्पतालों के अधीक्षक अब प्राईवेट प्रेक्टिस नहीं कर सकेंगे। साथ ही इन्हें विभागाध्यक्ष का पद भी नहीं मिलेगा। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य और नियंत्रक तथा अतिरिक्त प्रधानाचार्य और सम्बद्ध अस्पतालों में अधीक्षकों की नियुक्ति के लिए नियमों में बदलाव कर नई गाईडलाईन जारी की है। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि ये दिशा निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गये है।

00000

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला **आईआईटीएफ** आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। भारत मंडपम में हो रहे मेले के 44वें संस्करण की थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत रखी गई है। 14 दिन चलने वाले इस व्यापार मेले में देश के सभी राज्यों सहित 60 से अधिक मंत्रालय शामिल होंगे। राजस्थान मेले का साझेदार राज्य है। वहीं चीन, दक्षिण कोरिया और **मिस्त्र** सहित 12 देश भी मेले में भाग ले रहे है।

00000

राज्य में बीते 24 घंटों में अधिकतर हिस्सों में रात का पारा 7 से 15 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज हुआ। 8 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। वहीं 7 डिग्री के साथ सीकर के फतेहपुर की रात सबसे सर्द रही। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इन दिनों तापमान सामान्य से लगभग 2 डिग्री सैल्सियस नीचे दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल इसमें ज्यादा बदलाव के आसार नहीं है।

00000

बढती ठण्ड के कारण मौसमी बीमारियों के रोगियों की तादाद भी बढने लगी है। अस्पतालों में इन दिनों वायरल, निमोनिया, एलर्जी और सांस की बीमारियों के मरीज ज्यादा आ रहे है। हनुमानगढ में एयर क्वालिटी इन्डेक्स 300 के पार पंहुचने से सांस के रोगी अधिक प्रभावित है।

.....

00000